संक्षिप्त

नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

झुंझुनूं,। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को स्वर्गीय त्रिलोकचंद जालान एवं स्वर्गीय एमजेएफ लॉयन बृजगोपाल पुरोहित की पुण्य समृति में लॉयन श्यामसुंदर जालान एवं लॉयन शकुंतला पुरोहित के आर्थिक सौजन्य से पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़ रोड झुंझुनूं में निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। निशुल्क नेत्र शिविर में पंजीकृत 96 रोगियों को निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई एवं जरूरतमंद 46 व्यक्तियों को निशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। चिकित्सा शिविर में टीबड़ा आई अस्पताल के डॉक्टर व उनकी टीम द्वारा 96 रोगियों के आंखों की निशुल्क जांच आधुनिक मशीनों द्वारा की गई। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए शिविर में आठ रोगियों का पंजीयन किया गया। उनकी आंखों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन टीबड़ा आई अस्पताल में न्यूनतम दरों पर कराए जाएंगे। निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं परामर्श शिविर के संयोजक लॉयन श्यामसुंदर जालान थे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, क्लब कोषाध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड़, लॉयन शिवकुमार जांगिड़, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन श्यामसुंदर जालान, लॉयन महिपालसिंह, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत, लॉयन रामप्रताप कुमावत, लॉयन विश्वनाथ सोनी, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, लॉयन मुबारक अली पठान, लॉयन डॉ. एनएस नरूका सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

सादुलपुर । गांव थानमठुई के मुख्य खेल मैदान में राज्य स्तरीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ संत निर्मल नाथ महाराज के सानिध्य में रविवार को किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अशोक पूनिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि रामनिवास मितड सरपंच राधा बडी, भामाशाह विनोद सांगवान, पवन सांगवान व रामपाल डाबला ने फीता काटकर एवं क्रिकेट बाल खेल कर विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में राजस्थान हरियाणा सहित 35 से ज्यादा टीम भाग लेगी। इस मौके पर उमेद सिंह पूनिया, रोहतास पूनिया, प्रदीप पूनिया, योगेंद्र सांगवान, धनपत पूनिया, उमेद मीणा, अनूप श्योराण व- भले श्योराण सहित काफी संख्या में ग्रामीण ओर क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच राजगढ और थान मथुई के बीच खेला गया। जिसमें थान मठूई विजेता रही।

बाटड की प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात

सीकर। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़ ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से आत्मीय मुलाकात कर दिल्ली में भाजपा की जीत पर बधाई दी तथा दुपट्टा ओढ़ाकर मुंह मीठा करवाया इस अवसर पर सीकर जिला अध्यक्ष ने संगठन के बारे में भी चर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बाटड़ को अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की बात कही इस मौके पर भाजपा नेता पवन जोशी युवा नेता जितेंद्र सिंह कारंगा महेश ढाका व करण सिंह सहित कई पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

छात्रों को रोजगार की जानकारी मिलेगी

सीकर । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जिले में कक्षा 9 से 12 अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कैरियर मेले का आयोजन 10 फरवरी 2025 को जिले की 389 विद्यालयों में आयोजित किया जायेगा। एडीपीसी राकेश कुमार लाटा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को आमंत्रित कर छात्रों को रोजगार के अवसरों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा द्वारा कैरियर मेले के सफल आयोजन के लिए पर्यवेक्षण करने के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारी गण को भी नियुक्त किए गए हैं ।

सूखा दिवस घोषित

सीकर । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर सीकर जिले में 14 फरवरी 2025 को पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, वार्ड पंच पदों के सविरोध निर्वाचन होने वाले निर्वाचन क्षेत्रों में एंव उससे लगते हुये 5 किलोमीटर परिधीय क्षेत्रों में निर्वाचन समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व 12 फरवरी 2025 को सायं 5 बजे से 14 फरवरी 2025 को सायं 5 बजे तक तथा जहां सरपंच,वार्ड पंच के चुनाव होने हैं वहां 14 फरवरी 2025 को मतगणना समाप्ति तक सूखा दिवस घोषित किया है।

दिल्ली चुनाव जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव

सादुलपुर, (निस)। दिल्ली में 26 वर्षों बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। इस ऐतिहासिक जीत की खुशी पूरे देश में देखी जा रही है, और इसी को लेकर रविवार सादुलपुर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य जश्न मनाया। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट ओम प्रकाश खीचड के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसान मोर्चा कार्यालय में इकट्ठा होकर जीत का जश्न

- **इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी, आतिशबाजी की**

मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी, आतिशबाजी की और जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने 'दिल्ली के दिल में है पीएम नरेंद्र मोदी' और 'मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। एडवोकेट खीचड ने कहा कि इस जीत से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढा है। भाजपा किसानों, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, ओबीसी मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष सावर मल स्वामी, किसान मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, गुलपूरा मंडल अध्यक्ष मुकेश निमिवाल, भाजपा नेता रामावतार बैरासरिया, रामावतार डोकवेवाला, श्याम लाल तोषनिवाल, विजेन्द्र शर्मा, विकास अग्रवाल, निखिल सांगवान, पवन सैनी, अशोक चांगल, नासिर खोकर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किसान मोर्चा जिला कार्यालय भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर उत्सव मनाया।

'ज्ञान, भक्ति व वैराग्य की त्रिवेणी है भागवत कथा'

रतनगढ(निसं)। शहर के हनुमान पार्क के पास चल रही भागवत कथा के समापन पर रविवार को कथा वाचक ने कृष्ण-सुदामा प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। व्यासपीठ पर विराजमान कृष्णानंद महाराज ने भागवत के मंगलाचरण के माध्यम से कहा कि इस दिव्य ठांथ में भगवान श्रीकृष्ण प्रत्यक्ष रूप से विराजमान रहते हैं।

जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास पूर्वक नित्य भागवत कथा का श्रवण करते हैं, उनके समस्त संकट व पाप मिट जाते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ज्ञान, भक्ति व वैराग्य की त्रिवेणी है, जिसका अनुसरण करने से मनुष्य के सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं।

महाराज ने सुदामा प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मित्रता में कोई बड़ा या छोटा नहीं होता। जन्म के साथ सभी रिश्ते हमें मिलते हैं, लेकिन मित्र हम अपनी ईच्छा से बनाते हैं और सच्चा मित्र वही होता है, जो विपरित परिस्थितियों में भी हमारे साथ खड़ा रहे। कथा के प्रारंभ में सुशील कुमार संदीप कंदोई ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान लॉयंस क्लब प्रेरणा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कथा वाचक का अभिनंदन भी किया।

'हर सफलता के पीछे स्कूलिंग एक महत्वपूर्ण पिलर'

झुंझुनूं । मंडावा रोड पर डूंडलोद शिक्षण संस्थान डूंडलोद द्वारा संचालित डूंडलोद पब्लिक स्कूल झुंझुनूं का वार्षिकोत्सव स्पंदन-2025 का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के ही एल्युमनाई रहे आईएएस राकेश कुमार तथा महिला क्रिकेट की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैप्पी कुमारी खीचड़ रही। स्कूल के एल्युमनाई आईएएस राकेश कुमार, फिलहाल जम्मू कश्मीर में पोस्टेड है। जो कठवा जिले के हीरा नगर में सब डिविजनल मजिस्ट्रेट के पद पर सेवारत है। तो वहीं महिला क्रिकेटर हैप्पी कुमारी एशिया कप खेलने वाली भारत की अंडर-19 महिला टीम में शामिल थी। दोनों ने छात्र छात्राओं के साथ अपने अनुभवों को शेयर करते हुए अपनी सफलता का राज भी बताया।

इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आईएएस राकेश कुमार ने कहा कि किसी भी सफलता के पीछे स्कूलिंग का काफी महत्वपूर्ण स्थान है। वे सौभाग्यशाली रहे कि उन्हें डीपीएस जैसा स्कूल मिला। जहां पर 360 डिठ्ठी डवलपमेंट, यानि कि सर्वांगिण विकास पर ध्यान दिया जाता है। डीपीएस से उन्हें केवल शैक्षिणक व सह शैक्षिणक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिला। बल्कि अच्छी गाइडेंस के कारण जीवन की राह दिखाई भी गई और उसे प्राप्त करने के लिए सिखाया भी गया। यही कारण है कि आज वे देश की सबसे बड़ी आईएएस परीक्षा क्रेक कर देश के लिए अपनी सेवा दे रहे है। इस मौके पर स्कूलिंग पर जोर देते हुए आईएएस राकेश कुमार ने कहा कि स्कूल एजुकेशन में हमें प्रेक्टिकल जानकारी प्राप्त होती है। जो और कहीं भी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यदि एकाठा होकर अपने स्कूल की शैक्षिणक, सह शैक्षिणक और खेलकूद गतिविधियों में हिस्सा लेने लग जाएगा। तो वे दावा करते है कि वह मोबाइल और टीवी से ज्यादा स्कूलिंग को एंजॉय करने लगेगा। यह मोटिवेशन उन्हें स्कूल और परिवार से ही मिल सकता है। इस मौके पर बतौर अतिथि पर्यटन विभाग झुंझुनूं के उप निदेशक देवेंद्र चौधरी, बीएसएस में डिप्टी कमांडेंट अनिल रणवां थे।

उत्पात मचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई

सादुलपुर। ददरेवा ग्राम पंचायत में 14 फरवरी को होने वाले सरपंच के उप चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने रविवार शाम को पांच बजे के करीब गांव के प्रमुख लोगों सहित ग्रामीणों और सरपंच पद के प्रत्याशियों तथा सीएलजी सदस्यों की बैठक ली। तथा शांतिपूर्ण मतदान में भागीदारी निभाने का संदेश दिया। पुलिस चौकी में आयोजित बैठक में आईपीएस अधिकारी निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि 14 फरवरी को उप चुनाव है तथा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान करें। उन्होंने कहा कि चुनाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस अवसर पर थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग सीआई ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने में भागीदारी निभाएं तथा चुनाव में किसी प्रकार की गडबडी और लापरवाही को पुलिस बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव अंतर्गत शराब पीकर उत्पात मचाने, किसी प्रकार का झगडा फसाद करने तथा मतदान बूथ के आसपास इकट्ठा होकर बदमाशी करने वालों के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करेगी।

विधायक का पाटन में भव्य स्वागत

पाटन । अरुणाचल प्रदेश के जयरामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक लाइम सीमाई एवं उनकी धर्मपत्नी मोरिन सीमाई जुगली का पाटन आगमन पर कस्बे के लोगों ने माला एवं साफा पहनकर भव्य स्वागत किया।

- **लाइम सीमाई कस्बे के भामाशाह किशन लाल दीवान की पौत्री के विवाह में अपनी पत्नी के संग पाटन पहुंचे थे।**

लाइम सीमाई कस्बे के भामाशाह किशन लाल दीवान की पौत्री के विवाह में अपनी पत्नी के संग पाटन पहुंचे थे। दीवान जी की हवेली में भामाशाह किशन लाल दीवान एवं पाटन सरपंच मनोज चौधरी ने विधायक सीमाई एवं उनकी धर्मपत्नी मोरिंन सीमाई, जयरामपुर के ओसी अमरनाथ सिंह एवं उनकी पत्नी नीलम सिंह को साफा एवं माला पहनकर भव्य स्वागत किया। लाइम सीमाई ने दीवान परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं दीवान परिवार का आभारी हूं जिन्होंने मुझे मान सम्मान दिया है। पूर्व में मैं दो बार भाजपा की टिकट पर चुनाव जीत चुका हूं अबकी बार मेरी टिकट काटकर किसी अन्य को दे दी गई थी परंतु वहां की जनता ने मुझे निर्दलीय चुनाव जीताकर तीसरी बार विधानसभा में भिजवाया है। मैं आभार व्यक्त करता हूं किशन लाल दीवान का जिन्होंने मुझे राजस्थान बुलाकर मेरा मान सम्मान किया है मैं इसे कभी नहीं भूल सकता हूं। लाइम सीमाई ने सरकारी हॉस्पिटल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय को भी देखा जो दीवान परिवार की देन रही है। उसके बाद दीवान परिवार के फार्म हाउस पहुंचकर उन्होंने फसल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जयरामपुर के ओसी अमरनाथ सिंह, उनकी पत्नी नीलम सिंह भी साथ रहे। भामाशाह किशनलाल दीवान, सरपंच मनोज चौधरी, मनीष दीवान, कैलाश यादव, अमर सिंह यादव, एडवोकेट कुंज बिहारी शर्मा, घीसाराम गुर्जर ने आगंतुकों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

छात्रों ने सीनियर्स को दी भावपूर्ण विदाई

झुंझुनूं, । जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल में सीनियर छात्रों के लिए एक भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि पीआईएस के सीनियर्स के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ पधारे हुए विशेष अतिथि सीए ऋषभ अठावाल, व्याख्याता अनूप कुमार व संस्थान के सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। ईशा व प्रियंका ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 11 की छात्राओं प्रियांशी एंड ठ्ठुप, दीक्षा के ठ्ठुप, तमन्ना के ठ्ठुप, कक्षा 12 से कनिका के ठ्ठुप ने, साक्षी व हर्षिता ने, तनुष्का व पूजा ने, पीसीआई फाउंडेशन से मानसी एंड ठ्ठुप, रीतिक्षा व पलक ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स को रोचक, यादगार टाइटल, उपहार देकर और भावनात्मक शब्दों में उनके योगदान को सम्मानित किया।

बालिका के परिजनों को कलेक्टर 1लाख की राशि का चेक प्रदान किया

चूरू। वीर तेजा भवन में रविवार को जाट समाज विकास संस्थान की ओर से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिये क्विज कॉम्पिटिशन व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान लिखित व मौखिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रथम चरण में लिखित प्रतियोगिता में किशन गोदारा ने प्रथम, उमेश कुमार श्योरण ने द्वितीय, गजेंद्र गोदारा ने तृतीय व हरिराम राहड़ ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों को जाट समाज विकास संस्था चूरू के अध्यक्ष सोहनलाल फगेडिया ने क्रमशः 2100,1500,1100 व 500 रुपये नकद व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

दूसरे चरण में आयोजित मोटिवेशनल सेमिनार के मुख्य वक्ता राजस्थान लेखा सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पवन कुमार कस्वां व पूर्व प्राचार्य प्रो. एच. आर. ईसराण ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के शॉर्टकट व उनकी जिज्ञासा की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर कस्वां ने कहा कि सफलता के लिये कोई भी मार्ग कठिन नहीं है, बस आवश्यकता विद्यार्थी की जिज्ञासा, लगन और परिश्रम की है। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरव्यू में पूछे जाने वाले प्रश्नों और ध्यान में रखने योग्य बिंदुओं को टिप्पस के माध्यम से जानकारी दी।

अंतिम चरण में लिखित टेस्ट में चयनित अभ्यर्थियों का सेमिनार में मौखिक प्रश्नोत्तरी के जरिए उनकी प्रतिभा की जांच की गई। प्रतियोगिता संयोजक शिक्षाविद् मुकन्दाराम नेहरा, सहसंयोजक संजय कुमार पूनिया, स्कोरर सुभाष नैन व गोपीचंद और टाइम कीपर प्रदीप कुमार नेहरा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विजयपाल लांबा, हरफूल सिंह बेरवाल, राम कुमार खीचड़ व रामावतार भाम्भू ने सहयोगी भूमिका निभाई। सेमिनार में डॉ. बी. के. चौधरी, डॉ. राहुल कस्वां, आदूराम न्योल, सांवरमल बुडानिया, हेमराज फगेडिया, विजय नेहरा, रणवीर मुनडिया, राजेश नेहरा, प्रदीप, विनीत डाका आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश पूनिया ने किया।

- **जाट समाज विकास संस्थान द्वारा क्विज कॉम्पिटिशन व मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित**
- **सफलता के लिये कोई भी मार्ग कठिन नहीं, बस आवश्यकता विद्यार्थी में जिज्ञासा की है-कस्वां**

झुंझुनूं शहर में चोरों का आतंक बरकरार

झुंझुनूं, । शहर में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 14 दिनों में चोरियों आठ वारदातें होने के बाद शहर के लोग चोरों से खासे आतंकित है। बीती रात को भी चोरों ने शहर के गायत्री मंदिर के पास मैन रोड पर स्थित दो दुकानों के दर्जनभर ताले तोड़कर नगदी चुराई। जानकारी के मुताबिक गायत्री मंदिर के पास मैन रोड पर गायत्री एंटरप्राइजेज और हीरालाल एंड संस के नाम से दो दुकानें है। रविवार सुबह जब दुकान का स्टाफ आया और दुकान को खोलने लगा तो उसे ताले टूटे हुए मिले। ताले टूटे होने की जानकारी स्टाफ ने दुकान मालिक पवन केजड़ीवाल को दी। जिसके बाद पवन केजड़ीवाल ने आकर देखा तो उनकी दुकान के करीब 8 से 10 ताले टूटे हुए थे। वहीं गल्ले से नगदी गायब थी। फिर उन्होंने अपने ही पास अपने बड़े भाई की दुकान को संभाला तो वहां भी हालात ऐसे ही थे। सूचना पर पवन केजड़ीवाल का भतीजा लखन केजड़ीवाल पहुंचा।

प्रेस क्लब के लिए जमीन आवंटन का प्रस्ताव सर्वसमिति से पारित हुआ

रतनगढ़ । रतनगढ़ नगरपालिका की बजट बैठक रविवार को हंगामेदार रही। पट्टों के जारी करने एवं विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने बैठक में हंगामा कर दिया।पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधायक पुसाराम गोदारा उपस्थित थे। ईओ डॉ सहदेव चारण ने बैठक में बजट एवं एजेंडा रखा, तो पार्षदों ने गत बैठक की प्रोसिडिंग सदन के समक्ष रखने की बात को लेकर हंगामा करने लगे।

पार्षद मुख्तयार खान द्वारा वार्ड में विकास कार्य नहीं होने से दुखी होकर सदन के समक्ष मुर्गा बन गए और अपना आक्रोश जताया। वहीं कुछ पार्षद सदन में अपनी बात रखने के लिए आपस में उलझ गए, तो विधायक गोदारा को बीच बचाव करना पड़ा तथा वार्डवार पार्षदों की समस्याओं को सुना गया। पार्षदों ने पट्टों के लिए आई 400 फाइल नगरपालिका से नदारद होने, चहेते पार्षदों के वार्डों में विकास कार्य करवाने, रतनगढ़ की क्षितठास्त सड़कों को दुरुस्त करने, गंदे पानी की समुचित निकासी करवाने सहित कई मुद्दे सदन के समक्ष रखे, जिस पर विधायक ने ईओ से उक्त समस्याओं के समाधान करवाने के निर्देश दिए। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए एक अरब 17 करोड़ 17 लाख 80 हजार रुपए का बजट सदन के समक्ष रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

रतनगढ़ नगरपालिका की बजट बैठक रविवार को हंगामेदार रही।

- **रतनगढ़ नगरपालिका का बजट हंगामे के बीच एक अरब 17 करोड़ 17 लाख का पारित**

इस दौरान विधायक गोदारा ने पार्षदों की मांग पर हर तीन माह में पालिका में उनके द्वारा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के समक्ष उनकी समस्याओं को सुनने का आश्वासन दिया। साथ ही प्रेस क्लब के लिए बैठक में जमीन आवंटन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष शाहरुख खान सहित 45 में से 43 पार्षद उपस्थित रहे।

सार-समाचार

दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद चूरू में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

भाजपा की जीत पर आतिशबाजी व एक दूसरे को मीठाई खिलाई।

चूरू । दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद रविवार को चूरू में गढ़ चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी व एक दूसरे को मीठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। गौरतलब है कि दिल्ली में 27 वर्षों बाद भाजपा ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। इस ऐतिहासिक जीत पर पूरे देश में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष यशोदा, सुरेश सारस्वत व धर्मेन्द्र राकसिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, दीनदयाल सैनी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालाण, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक सुरेश मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, मोहनलाल गढ़वाल, असलम डायर, राकेश दाधीच, चन्द्र प्रकाश शर्मा, गोगराज सैनी, आकाश सैनी, किशन किरोड़ीवाल, रावतमल गढ़वाल, गणेश सैनी, बाबू टेलर, ओम इन्दोरिया, कपिल रक्षक, रजत शर्मा, अनिल सैन, प्रकाश नायक, सुभाष महर्षि, आदिल खान, असगर खां, ओमप्रकाश मोटेका, सुनिल भाउवाला, विमल जोशी, कालू गौड़, तिलोक बालाण, नरेश सैनी, रमेश किरोड़ीवाल, विनोद राठी, संदीप पाटील, नितिन हटवाल, निखिल प्रजापत, हरिश वर्मा, नंदू मोजासिया राधेश्याम राव, जयप्रकाश खटोड़, मूलचन्द ठेकेदार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा ने 9 मंडल अध्यक्षों की और की घोषणा

झुंझुनूं,। भाजपा ने 42 में से 23 मंडलों के नए अध्यक्षों की घोषणा गत दिनों कर दी थी। अब नौ नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी व एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने इन नए नौ मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। जिला सह निर्वाचन अधिकारी व भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास शर्मा लोटिया ने बताया कि झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के सुलताना मंडल का अध्यक्ष राजकुमार जांगिड़, पिलानी विधानसभा के मंड्रेला मंडल का अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी तथा चिड़ावा मंडल का अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, सूरजगढ़ विधानसभा के बुहाना मंडल का अध्यक्ष राजपाल सिंह, लाखू मंडल का अध्यक्ष प्रमोद डैला, सिंघाना मंडल का अध्यक्ष संदीप कुमार दाधीच, सूरजगढ़ शहर मंडल का अध्यक्ष कृष्ण सैनी, पचेरी मंडल का अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुर्जर तथा मंडावा विधानसभा के अलसीसर मंडल का अध्यक्ष अजय रांगेरा का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ है। जिला सह निर्वाचन अधिकारी विकास शर्मा लोटिया ने बताया कि शेष 10 मंडलों को लेकर भी प्रदेश संगठन पर्व समिति, प्रदेश चुनाव अधिकारी संगठन पर्व और जिला निर्वाचन अधिकारी झुंझुनूं के बीच विचार विमर्श चल रहा है। जिनकी भी जल्द ही घोषणा होगी। आपको बता दें कि आज हुई घोषणा में सिर्फ मंड्रेला मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी को फिर से मौका दिया गया है। बाकि शेष सभी मंडल अध्यक्ष पहली बार जिम्मेदारी संभालेंगे। इधर, चिड़ावा में युवा कार्यकर्ता नरेंद्र गिरधर के अध्यक्ष बनने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। नरेंद्र गिरधर ने सभी को साथ लेकर चलने की बात कहते हुए कहा कि वे चिड़ावा शहर में भाजपा को और अधिक मजबूती देने की दिशा में काम करेंगे। नरेंद्र गिरधर, भाजपा के जिला महामंत्री और पिलानी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी रहे राजेश दहिया के करीबी माने जाते है।

श्री श्याम संकीर्तन यात्रा निकाली

खिरोड़ । चिराना में दो दिवसीय पंचम श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का शुभारंभ निशान यात्रा के साथ शुरू हुआ। सीकर रोड पर स्थित श्री गणेश मंदिर से निशान पूजा करके हाथों में निशान थामे सैंकड़ों महिलाएं यात्रा में रवाना हुई। डीजे की धुनों पर गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए श्री श्याम मंदिर पर यात्रा का समापन हुआ। आरती सहित व विभिन्न धार्मिक आयोजन व प्रसाद वितरण किया। निशान यात्रा पर ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। सेवा भाव से यात्रियों के लिए पेयजल कि व्यवस्था की गई। सोमवार को रात्रि में कलाकारों द्वारा मधुर भजन कीर्तन किया जाएगा व पुष्प वर्षा, छप्पन भोग, झांकी दर्शन के साथ बाबा श्याम का दरबार सजाया जाएगा। इस दौरान लोहार्गल वेंकटेश बालाजी पीठाधीश्वर अश्विनीदास महाराज, आचार्य रवि कुमार पारीक, गोवर्धन पाराशर, सरपंच राजेंद्रसिंह शेखावत, भवानीसिंह, डॉ. प्रतापराम कुमावत, महेंद्र जांगिड़, सुभाष सैन, जितेंद्र सैन, पंकज जांगिड़, मौनी सैन, संदीप सैनी, ऋतिक सैनी, कर्णसिंह, पंकज सोनी, राकेश जांगिड सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

अजय वर्मा का सम्मान किया

झुंझुनूं । स्वर्ण जयंती स्टेडियम झुंझुनूं में जिला स्तरीय 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में सामाजिक सरोकारों को पूर्ण करने पर सामाजिक कार्यकर्ता होमगार्ड अजय वर्मा एवं सीताराम बास बुडाना को जिला प्रशासन झुंझुनूं एवं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा द्वारा सम्मानित किया गया था। डॉ. राकेश माहिच एवं ओमप्रकाश भूरिया ने बताया कि अजय वर्मा लगातार संदेश देकर लोगों को जागरूक करते रहते हैं तथा सीताराम बास बुडाना ने देहदान का संकल्प, रक्तदान, शिक्षा, चिकित्सा, पौधारोपण सहित अनेकों मानवता हितार्थ कार्य करते रहते हैं। समाज को गौरवान्वित करने पर दोनों साथियों को साफा एवं माला पहनाकर सम्मान एवं स्वागत किया गया। इस दौरान नरेंद्र कहड़ायला, इंद्राज सिंह भूरिया, राकेश तूनवाल, मदनलाल गुडेसर, डॉ. महेंद्र सानेल, संदीप टंडन, जितेंद्र गर्वा, हरिश्चंद्र, महावीर, डॉ. राकेश माहिच, ओमप्रकाश भूरिया, अजय वर्मा, सीताराम बास बुडाना उपस्थित रहे।

डॉ. बरवड़ का सम्मान किया

झुंझुनूं, । पशुपालन विभाग से अतिरिक्त निदेशक के पद से रिटायर हुए डॉ. जगदीशप्रसाद बरवड़ का अंबेडकर भवन में सेवानिवृत्ति पर सम्मान किया गया। अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी झुंझुनूं के संरक्षक महावीर प्रसाद सानेल की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ. बरवड़ द्वारा संस्था को 51 हजार रूपए का आर्थिक सहयोग दिया गया। साथ ही डॉ. बरवड़ ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने लाइब्रेरी में अध्ययनरत लगभग 150 विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और पढाई कर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आ ान किया। इस अवसर पर गोकुलचंद सिरोहा, रामस्वरूपसिंह रसोड़ा, ओमनारायण तानेनिया, हरिश कालेरा, डॉ. महेंद्र सोनल, डॉ. नितेश गर्वा, बहादुर मेव, महावीर भालोठिया, अविनाश, जितेंद्र, आशीष, योगेश, निशांत, सचिन आदि मौजूद थे।

विधायक का अभिनंदन

झुंझुनूं, । श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से नवलगढ़ भाजपा विधायक विक्रम सिंह जाखल का नवल किशोर गोयल सुलताना ने दुपट्टा ओढाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर सुनिता गोयल एवं कुणाल गोयल भी उपस्थित थे।

विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

चूरू । विश्वकर्मा मन्दिर प्रबन्ध समिति की ओर से विश्वकर्मा मन्दिर में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर रविवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान सामान्य ज्ञान, चित्रकला व मेहन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में जांगिड़ समाज के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रविवार शाम को संगीत मय भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय गायक कलाकारों ने आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को धार्मिक मय बना दिया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष झूमरमल राजोतिया, मंत्री ओमप्रकाश राजोतिया, सदस्य लीलाधर राजोतिया, राधेश्याम, नोरतमल जांगिड़, लालचन्द, आनन्द सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।